## खबर संक्षेप



### आवारा मवेशी मालिकों पर कार्रवाई के लिए सरपंच ने लिखा पत्र

**बड़वारा।** ग्राम वासियों से प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेते हुए झरेला ग्राम की सरपंच श्रीमती गुड्डी बाई पाल ने बड़वारा जनपद सीईओ एवम बड़वारा थाना प्रभारी को पत्र लिखकर ग्राम व ग्राम के खेत खलिहानों में लगी किसानों की फसल को तबाह करने वाले आवारा मवेशियों व उनके मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने के लिये पत्र लिखा है। ग्राम के लगभग 35 किसानों ने अखिल भारती गड़रिया महासभा देवी अहिल्या बाई होल्कर मंच भारत से समाज सेवी अवसर पाल सिंह के साथ बड़वारा जनपद सीईओ एवम बड़वारा थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर बताया कि उनके खेत मे लगी धान की फसल को आवारा मवेशी खराब कर रहे हैं जिससे उनकी फसल नष्ट होने से उनके सामने विकट समस्या खड़ी हो जाएगी भरण पोषण करना मुश्किल हो जाएगा अतः प्रशासन से निवेदन है कि आवारा मवेशी मालिकों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाए जिससे किसानों की फसल सुरक्षित हो सके। शिकायत करने वालों में मुख्य रूप से शिवशरण केवट, ब्रजराज सिंह, सुखलाल पाल, अच्छे लाल केवट शामिल हैं।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 14 को

**कटनी।** जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुडसा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरनमेहगवां, मुरवारी एवं कछगवां जोबा, में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) परिसर में निर्धारित थीम ₹संक्रामक रोगों का प्रबंधनः राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम₹ अंतर्गत 14 अगस्त को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में संक्रामक रोगों के प्रबंधन रोकथाम, नियंत्रण एवं स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं आहार-विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास आदि एवं अन्य बीमारियों जैसे- आमवात संधिवात, मधुमेह, उच्चरक्तचाप आदि रोगों का निःशुल्क इलाज एवं औषधि वितरित की जावेगी। मधुमेह एवं उच्चरक्तचाप की जांच की जावेगी।

### श्रमदान कर दिया जायेगा स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी एवं निगम के सम्मानित पार्षद एवं अधिकारी कर्मचारियों सहित आम नागरिकों की उपस्थिति में मंगलवार प्रातः 8:30 बजे से कटनी जंक्शन से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**बहोरीबंद थाना क्षेत्र का मामला, थाना प्रभारी व पुलिस कर्मी को निलंबित करने मांग**

# रिपोर्ट लिखाने थाना पहुंचा युवक, पुलिस पर बेरहमीपूर्वक मारपीट के आरोप, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद थाना पुलिस पर एक युवक के साथ मारपीठ करने का गंभीर आरोप लगा है। इस घटना से आक्रोशित पीड़ित युवक के परिजन ओर स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार की दोपहर बहोरीबंद थाने का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने थाना परिसर के सामने धरना देते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ओर संबंधित पुलिसकर्मी व थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित करने की मांग की।

परिजनों व ग्रामीणों ने बताया कि मामला बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कूड़ा घानियां निवासी संतोष पटेल अपना मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट लिखवाने थाने गया था।

परिजनों का आरोप है कि



पुलिस ने रिपोर्ट लिखने की बजाय संतोष के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया ओर बेरहमी से उसकी पटाई की। मारपीट मे संतोष को गंभीर चोटे आई है!जिसको बहोरीबंद अस्पताल मे इलाज के लिए भर्ती कराया जहाँ हालत गंभीर होने के कारण जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है।

पीड़ित की मां मुन्नी बाई पटेल ने बताया कि 9 अगस्त को संतोष पटेल पिता गुलाब पटेल 35 वर्षीय बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सिदुरसी स्थित अपने ससुराल गया हुआ था!ससुराल वाले घर से ही संतोष का मोबाइल चोरी हो गया जिसकी शिकायत लेकर करीब 2 बजे बहोरीबंद थाने पहुँचा जहाँ आरक्षक अजय कुमार ओर धीरज ने फरियादी के ऊपर ही चोरी का इल्जाम लगाते हुए युवक के साथ मारपीट की।

परिजनों के साथ ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन बढ़ता देख वरिष्ठ अधिकारियो को जानकारी दी। जानकारी लगते ही एसडीएम राकेश चौरसिया व एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी मौके पर पहुंची जहाँ उन्होंने परिजनों व ग्रामीणों को बातो को सुना। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे जाकर पीड़ित युवक को देखा उसके परिजनों कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी।इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर इस मामले की जांच कर दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध 7 दिवस के भीतर सख्त कार्यवाही की जाएगी इसके बाद ग्रामीण माने और धरने को समाप्त कर दिया।

इस दौरान थाना प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, बाकल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रतिक्षा सिंह चंदेल, उमरियापान थाना प्रभारी एसआई दिनेश तिवारी,बाकल उमरियापान का पुलिस बल मौजूद रहा।



## जिले के किसानों को मिलीं 3.84 करोड़ रूपए की क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कटनी जिले के 23 हजार 370 किसानों को तीन करोड़ 84 लाख 23 हजार 848 रूपए की राशि सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बटन दबाकर झुंझुनूं जिले से किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री मनीष मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी 2023-24, खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 के बीमा दावा राशि का भुगतान केंन्द्रीय मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। जिले में रबी 2023-24, खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 हेतु क्रमशः राशि रूपये 1 लाख 75 हजार 385 रुपए ,3 करोड़ 82 लाख 3 हजार 693 रूपए एवं 44 हजार 769 रूपए को मिला कर कुल राशि रुपये 3 करोड़ 84 लाख 23 हजार 848 रूपए बीमा दावा राशि का वितरण जिले के किसानों को किया जा रहा है। इससे कुल 23370 कृषक आवेदक लाभान्वित हुये है। इस योजना के जरिए किसानों की फसल अगर भारी बारिश या बाढ़ से बर्बाद हो गई है तो उन्हें आर्थिक मदद दी गई है।फसल के लिए जिन किसानों ने बीमा कराया था, फसल को नुकसान होने के बाद क्लेम किया था, उनके खातों में सोमवार को क्षतिपूर्ति राशि भेजी गई है।

*शासकीय बुद्ध सिंह उमावि तेवरी के विद्यार्थियों ने निकाली रैली*

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू हो गईं है। इस बार भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वच्छता का उत्सव स्वच्छता के सँग थीम पर राष्ट्रीय पर्व का अभियान शुरू हो गया है। अभियान के तहत सोमवार को शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया! जिसमे जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों एवं शाला स्टॉफ के साथ स्कूल के छात्र/छात्राओं ने भारत माता के जयघोष के नारे लगाते हुए तिरंगा झंडा लहराते हुए आन–बान शान के साथ रैली निकाली जिसमें शासकीय कन्या माध्यमिक शाला तेवरी की छात्राओं की सहभागिता रही। इस दौरान जनपद सदस्य कमलेश कुमार जैन,सरपंच काजल रजक,मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, उपसरपंच सुशील कुशवाहा, अमित लकी अग्रहरि, रवि झारिया,पार्थ दुबे, अमन असाटी, बसंत जायसवाल,मृत्युंजय सिंह, चेतना झा, लखन उपाध्याय एवं शाला परिवार की उपस्थिति रही।

रैली के समापन उपरांत सारिका सिंह ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य मनोज हल्दकार ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### छात्र -छात्राओं को वितरित की गई साईकिल



बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत ए एल राय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचैया मे मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत साईकिल के लिए पात्र छात्र -छात्राओं को सत्र 2024-25 की साईकिलो का वितरण सोमवार को किया गया जहाँ साईकिल पाते ही छात्र -छात्राओं के चेहरों मैं मुस्कान आ गई। छात्र -छात्राओं को पढ़ाई करने स्कूल आने में सहूलियत होगी। इस दौरान सरपंच राहुल कोरी, सुखचैन प्रजापति, सचिव इंदल पटेल, मदन यादव, सुनील बर्मन,प्राचार्य राजीव सिंह दाहिया सहित जनप्रतिनिधियों व स्कूल स्टॉफ की उपस्थिति रही।

### धर्मसभा में मुनिश्री ने प्रकृति की रक्षा करने संकल्प लेने कहा



पार्श्वनाथ दिग .जैन बड़े मंदिर में समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज नवाचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य पदम सागर महाराज के सानिध्य में रक्षाबंधन विधान का आयोजन बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुनिश्री ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये बतलाया कि आज के दिन अकम्पनाचार्य रक्षाबंधन मुनिराज के संघ पर आये उपसर्ग को देखकर मुनि विष्णु कुमार ने मुनि पद का छेदन कर मुनि संघ की रक्षा की इसलिए रक्षा पर्व को वासत्यल्य पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व सामाजिक,धार्मिक परम्परा से जुड़ा पर्व है । मुनिश्री ने आगे कहा कि आप आज प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प ले क्योकि प्रकृति से छेड़छाड़ करने का परिणाम पूरा विश्व भोग रहा है। अत: प्रकृति के साथ सांत्विक जीवन जीने का संकल्प ले।

## सड़क में गड्ढे की वजह से बाइक में बैठी महिला नीचे गिरकर हुई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

ग्रामीण अंचलों में सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। रोज़ाना हो रहे हादसों से लोग परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा।

उमरियापान–सिहोरा मुख्य मार्ग पर धनवाही गांव के पास स्थिति सबसे खतरनाक है। यहां सड़क के नीचे बनी पुलिया धंसने से पूरी सड़क नीचे की ओर झुक गई है। सड़क के दोनों तरफ खाईनुमा गड्ढे बन गए हैं, और नीचे से पानी बह रहा है, जिससे धंसान लगातार बढ़ रही है।

रक्षाबंधन पर जबलपुर जा रही एक महिला मोटरसाइकिल से



गुजरते समय गड्ढे में उचटकर गिर पड़ी और घायल हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ता है और रोज़ाना सैकड़ों वाहन यहां से गुजरते हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए तो यह जगह बहुत खतरनाक है।

ग्रामीणों की मांग है कि सड़क की तुरंत मरम्मत कर हादसों पर रोक लगाई जाए, वरना बड़े जानमाल के नुकसान की आशंका है।

*अभियान के तहत नगर निगम द्वारा की जाएंगी विभिन्न गतिविधियां*

## तिरंगा अभियान की व्यवस्थाओं के लिए आयुक्त ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान के तहत नगर निगम द्वारा नगर में देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाकर स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जाएगा। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने अभियान से संबंधित सभी गतिविधियों को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने हेतु अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं।

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत कटनी नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्व सहायता समूह द्वारा नगर निगम के प्रवेश द्वार पर स्टॉल लगाकर तिरंगा ध्वज की ब्रिकी एवं तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही स्व सहायता समूह से 6000 तिरंगा ध्वज कय किये जाकर नगर के वार्डों, शासकीय भवनों में तिरंगा ध्वज लगाने का कार्य भी किया जाएगा। वहीं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में छात्र-छात्राओं, अधिकारी, कर्मचारी, एनजीओ, प्रबुद्धजन, समाजसेवी आदि द्वारा सामूहिक तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा जो नगर निगम कार्यालय से सुभाष चैक, महारानी लक्ष्मीबाई तिराहा, स्टेट बैंक तिराहा, थाना तिराहा से नगर निगम में समापन किया जाएगा। इसके साथ है मानव श्रृंखला,जनभागीदारी के साथ तिरंगा बाईक, तिरंगा साईकिल रैली,स्वच्छ संकल्प इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जाकर स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जाएगा।

### इन्हें सौंपे गए दायित्व

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान को व्यापक और सफल बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त ने अभियान के दौरान होने वाली समस्त गतिविधियों को संचालित किए जाने हेतु एक आदेश जारी कर उपायुक्त शैलेश गुप्ता को प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर अन्य सभी अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी है।

नगर निगम कार्यालय के प्रवेश द्वार पर तिरंगा ध्वज की विकी हेतु वाटर प्रूफ टेंट, कुर्सी, टेबल, प्रकाश सहित स्टॉल की व्यवस्था, एवं तिरंगा पदयात्रा हेतु उपयुक्त वाहन में माईक साउंड सहित तिरंगा गीत की व्यवस्था कराये जाने हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल,उपयंत्री संजय मिश्रा सहित अन्य कर्मियों को दायित्व सौंपे है। वहीं तिरंगा पदयात्रा, तिरंगा बाइक रैली के संपूर्ण रूट का निरीक्षण कर अपनी उपस्थिति में पर्याप्त साफ-सफाई, चूने से रेखांकन, तिरंगा ध्वज ब्रिकी स्थल की नियमित रूप से साफ-सफाई,आवारा जानवरों पर नियंत्रण की कार्यवाही, वार्ड दरोगाओं के माध्यम से सभी वार्डो में तिरंगा ध्वज लगाने का दायित्व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को सौंपा है।

**अभियान को लेकर महापौर एवं निगमायुक्त की मौजूदगी में हुई बैठक**

## तिरंगा अभियान को सफल बनाने जन सहभागिता के करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन के निर्देशानुसार जिले में 15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जायेगा। हर घर तिरंगा अभियान देश भक्ति को जागृत करने का अभियान है। इस अभियान में समस्त नगरवासियों की बढ़ चढ़कर सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर आधारित अभियान 15 अगस्त




2025 तक संचालित किया जा रहा है। आयुक्त श्री दुबे नें बताया कि अभियान के संबंध में निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी जाकर उसका भली भांति निर्वहन कर अभियान को सार्थक बनाने के निर्देश दिए गए है। निगमायुक्त ने अभियान के तहत कैलेंडर अनुसार गतिविधियां आयोजित करने तथा गतिविधियां आयोजन के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था पहले ही पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

बैठक के दौरान निगमायुक्त दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में वाहन रैली, पैदल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। वहां स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त की शाम मिशन चैक मे देशभक्ति के तरानों का कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

महापौर श्रीमती सूरी नें कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन एवं व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के हर संभव प्रयास किए जाए। तिरंगा यात्राएं, रैली निकाली जाए। हर घर तिरंगा अभियान को जिले में जन अभियान के रूप में सफल बनाए। तिरंगा रैली हेतु शामिल होने वाले स्कूली बच्चों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शासकीय, अशासकीय भवनों एवं हर घर पर तिरंगा झंडा लगाए जाएं। साथ ही भवनो पर रात्रि में रोशनी की जाएं। स्कूलों एवं कॉलेजों में प्रतियोगिताओं का आयोजन कर शपथ दिलाई जाए। नगरीय क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। साथ ही श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान जनप्रतिनिधियों के साथ चलाया जाए एवं वेबसाइट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान संबंधी गतिविधियों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएं। बैठक में उपायुक्त श्री शेलेश गुप्ता, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहायक यंत्री आदेश जैन सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सुभाष साहू शिब्बू, डॉ रमेश सोनी, पार्षद उमेन्द्र अहिरवार, शकुंतला सोनी आदि मौजूद रहे।

## मानव श्रृंखला बनाई, निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा/रैली का आयोजन किया गया। जो बड़वारा में मुख्य मार्ग से निकली। रैली में प्राचार्य चंदन सिंह धुर्वे, वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया, विनोद सिंह, महेन्द्र नारायण मिश्रा,लाल बहादुर सोनी, संजय कोल,हेमलता जयपुरिया, ओंकार प्रसाद दुबे, अशिका महोबिया, शीला त्रिपाठी, तनिष्का सिंह, सीता लोहार,मोहन निगम ,महेंद्र गौतम, अरविन्द तिवारी,रश्मि सिंह,मनीष विश्वकर्मा, निधि चढ़ार,अनिल अरकरे , धरमपाल बैगा, सुशील भूमिया आदि का विशेष योगदान रहा।

### मानव श्रृंखला बनाई

हर घर तिरंगा घर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में मानव श्रंखला का निर्माण कार्यक्रम संचालित किया गया ,जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ की उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय बड़वारा के प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।





**खबर संक्षेप**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने विधायक ने किया पत्राचार

**उमरियापान।** स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के लोग अब भी जद्दोजहद करने को मजबूर हैं। विकासखंड ढीमरखेड़ा के अंतर्गत कंछारगांव बड़ा उपस्वास्थ्य केंद्र के भरोसे करीब 98 गाँवों की आबादी है, लेकिन यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का दर्जा नहीं होने से गंभीर मरीजों को 30 से 40 किलोमीटर दूर उमरियापान या कुंडम (जबलपुर) तक जाना पड़ता है। इस दूरी और देरी में कई बार मरीजों की जान तक चली जाती है। इसी गंभीर समस्या को लेकर बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखकर कंछारगांव बड़ा उपस्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नत करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि यह इलाका मुख्य रूप से आदिवासी बाहुल्य है।चारों दिशाओं में फैले गाँवों के लिए यही केंद्र सबसे नजदीकी इलाज की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी बनने से इलाके में प्रसूति, आपातकालीन सेवाएं, और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे अनावश्यक पलायन और मौतों पर रोक लगेगी।

## सिलौंडी में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**सिलौंडी।** शासन के निर्देश पर आज हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सिलौंडी में आज विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी जिसमें जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, क्षेत्र के समस्त जन प्रतिनिधि, समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता और आम जनता शामिल होकर देश के वीर सपूतों के याद करेंगे। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बताया कि दोपहर 1.30 बजे से शासकीय कन्या हाई स्कूल से तिरंगा यात्रा शुरू होकर पूरे गांव का भ्रमण कर जय स्तंभ में सभा कर समापन होगा । विधायक का मार्गदर्शन और संबोधन भी होगा।

## होगी नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं।

## हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों में दिखा उत्साह



**कटनी।** हर घर तिरंगा अभियान के प्रति कटनी जिले के लोगों में भारी उत्साह है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियोंकी अगुवाई और आमजन की सहभागिता से हर घर तिरंगा अभियान संचालित हो रहा है। बडवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में परियोजना बड़वारा में हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें क्षेत्रीय जनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। अभियान के तहत विकासखण्ड रीठी के शासकीय माध्यमिक शाला मुहांस में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा ग्राम में तिरंगा रैली निकाली गई।इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैगवा में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत छात्र -छात्राओं को सैन्य अधिकारियों ,पुलिस अधिकारियों को पत्र लेखन कि कला से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें उच्च अधिकारियों को विपत्ति के समय पत्र लिखना आदि सिखाया गया।

### सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण कार्य में 3 करोड़ रुपये की राशि हुई है खर्च

# बस नाम के ही सामुदायिक स्वच्छता परिसर, तीन सालों से जड़ा है ताला

### सामुदायिक स्वच्छता परिसरों को चालू कराने विभागीय अधिकारी नही दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायतों में तीन साल पहले 78 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कार्य किया गया था लेकिन बहोरीबंद ब्लॉक में बनाए गए सामुदायिक स्वच्छता परिसरो को बनाकर जिला पंचायत कार्यालय उसे चालू कराना भूल गया है। बहोरीबंद ब्लॉक की 78 ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय को देखकर कुछ ऐसा ही अनुमान लगाया जा रहा है। सभी स्वच्छता परिसरों पर ताला लगा हुआ है। ऐसे में जिस मंशा से शौचालय का निर्माण किया गया है। वह पूरा होते नहीं दिख रहा है। पंचायते इन स्वच्छता परिसर के संचालन का भार उठाने मैं सक्षम नही है क्योंकि वहां पर कर्मचारियों और रखरखाव का बजट नही होना बताया गया है।

जानकारी के अनुसार बहोरीबंद ब्लॉक की 78 ग्राम पंचायतों में उक्त योजना के तहत सामुदायिक स्वच्छता परिसरो का निर्माण कराया गया है। 78 मे से कुछ स्वच्छता परिसर 3 लाख 50 हजार रुपये व कुछ स्वच्छता परिसर 4 लाख 50 हजार रुपये की राशि से निर्माण कराया गया।4 लाख 50 हजार रुपये की राशि से निर्मित स्वच्छता परिसरों मैं 50 हजार रुपये विधायक विकास निधि से प्राप्त हुए।इन शौचालयों का निर्माण स्वच्छता मिशन के तहत किया गया है। उक्त 78 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के निर्माण मैं तीन करोड़ रुपये की राशि का उपयोग हुआ है।लेकिन इसका संचालन शुरू नहीं होने से यह मिशन पूरा होते नहीं दिख रहा है। कुछ स्थानों पर शौचालय का कार्य पूरा होकर जीओ टैग हो चुका है, जबकि कुछ स्थानों पर अब भी पानी की उपलब्धता बाकी है। लेकिन संचालन शुरू नहीं होने से एक ओर जहां जिला पंचायत कार्यालय की कार्यशैली पर सवाल खड़. हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता मिशन की मंशा पूरी होते नहीं दिख रही है। शासन की मंशा है कि शौचालयों के संचालन की जिम्मेदारी समूहों को दी जाए ताकि समूह आत्मनिर्भर हो सकें।

### इनका कहना है

इस संबंध में विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन बहोरीबंद नवीन साहू का कहना है कि बहोरीबंद विकासखंड मैं ग्राम पंचायत स्तरों पर जो सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। उनमें से 12 स्थानों पर संचालन शुरू किया गया है शेष पानी की समस्या के कारण तथा स्वच्छता मित्रों की नियुक्ति के बाद शीघ्र शुरू किये जायेंगे।



# विद्यार्थियों को जैविक खेती का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए शासकीय आरके गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरवारी विकासखंड ढीमरखेड़ा में विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण प्राचार्य संघ रत्न भेलावे के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में जैविक खेती की आवश्यकता एवं महत्व मानव स्वास्थ्य भूमि एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान तथा फसलों के लिए आवश्यक प्राथमिक द्वितीयक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत ग्राम में उपलब्ध संसाधनों कचरा गोबर फसल अवशेष खरपतवार से जैविक खाद एवं गोमूत्र विभिन्न पत्तियों से कीटनाशक बनाकर फसलों में उपयोग करने की जानकारी दी गई। जिससे पैसों की बचत बाजार पर निर्भरता कम होगी। विभिन्न जैविक खादों के अंतर्गत गोबर कंपोस्ट नाडेप टांका खाद केचुआ खाद हरी खाद खली नील हरित काई जैव उर्वरक बायोगैस स्लरी सींग खाद शीघ्र खादों के अंतर्गत मटका खाद जीवामृत घन जीवामृत तथा जैविक कीटनाशकों के अंतर्गत गोमूत्र पांच पत्ती काढ़ा आदि कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग की जानकारी दी गई। विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग तथा उनके नियंत्रण की जैविक विधियों का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

### यातायात व्यवस्था में सहयोग एवं नशा नहीं करने लिया संकल्प

# महापौर ने ऑटो चालक भाइयों को राखी बांधकर दिया समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने इस वर्ष भी समरसता एवं भाईचारे की अनूठी पहल को जारी रखते हुए नगर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, माधवनगर तांगा स्टैंड में पहुंचकर ऑटो चालक भाइयों को तिलक वंदन कर उनकी कलाई पर राखी बांधकर इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने सभी ऑटो चालक भाइयों से नशा नहीं करने तथा नगर के निर्धारित स्थलों पर ही अपने आटो वाहन को रोककर नगर की यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने का संकल्प भी लिया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के मेहनतकश वर्ग के प्रति सम्मान प्रकट कर सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश फैलाना था।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व श्री सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी सहित आटो यूनियन संघ के अध्यक्ष राज बड़े एवं बच्चन नायक, विपिन बिलौंहा सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा मुख्य रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 5 के पीछे स्थित आटो स्टैंड सहित मेन रेल्वे स्टेशन, मुडवारा रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड, माधवनगर तांगा स्टैंड पहुंचकर लगभग एक सैकड़ा से भी अधिक आटो चालक भाईयों के सिर पर रूमाल रखकर माथे में तिलक लगाया तथा उनकी कलाई में राखी बांधकर मिष्ठान खिलाकर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। महापौर ने कहा कि ऑटो चालक शहर की जीवन रेखा है, जो दिन-रात यात्रियों की सेवा में तत्पर रहते हैं। राखी बाँधकर उन्हें यह संदेश देना चाहती हूँ कि समाज उनके त्याग और परिश्रम को मान्यता देता है। इस अवसर पर ऑटो चालकों ने भी इस सम्मान के लिए महापौर का आभार प्रकट किया और रक्षाबंधन पर्व को और भी खास बताया।

### विधायक ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर दिये निर्देश




बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई । जिसमें मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,राजेश व्यौहार ने क्षेत्र के ढीमरखेड़ा ,कछार गांव बड़ा, सिलौंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर की नियुक्ति का मुद्दा उठाया है। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने सिलौंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की नई बिल्डिंग में आवश्यक व्यवस्था कर नई बिल्डिंग में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चालू करने , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था करने का मुद्दा उठाया है । विधायक ने शासन स्तर से आवश्यक करवाई कर क्षेत्र में डॉक्टर नियुक्त करने प्रभारी मंत्री जी से चर्चा की है। विधायक ने बीएमओ को सख्त निर्देश दिया है सभी स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी दवा की पर्याप्त उपलब्धता रहे। स्टाफ को आम जनता के साथ मधुर व्यवहार किया जाए। स्वास्थ्य समिति में आम जनता की भी भागीदारी हो।

# गरीबी को हराकर सिया बर्मन बनी उद्यमी, अब हर माह हजारों कमा रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड बड़वारा के एक छोटे से गाँव बिचपुरा की रहने वाली सिया बर्मन ने गरीबी को अपनी नियति नहीं माना और दृढ़ निश्चय के साथ आजीविका मिशन से जुड़कर एक सफल उद्यमी बनीं। गरीब परिवार में जन्मी सिया के परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंजत कमजोर थी। परिवार का भरण-पोषण करना बहुत मुश्किल था। दो वक्त का खाना भी बड़ी मुश्किल से नसीब होता था और बच्चों की अच्छी शिक्षा का बोझ भी था। इन हालातों ने सिया को अंदर तक झकझोर दिया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

वर्ष 2019 में जब सिया को आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ने का मौका मिला, तो उनके जीवन में एक नई उम्मीद जगी। समूह से जुड़कर उन्होंने छोटी-छोटी बचत करना शुरू किया, जिससे उनकी छोटी-मोटी जरूरतें पूरी होने लगीं। जल्द ही, उन्होंने समूह का संचालन संभाला और बचत को और बढ़ाया।

फिर, उन्हें समूह से 15 हजार रूपये का रिवाल्विंग फंड मिला। इसमें अपनी बचत के 5हजार रूपये मिलाकर, उन्होंने 20हजार रूपये से एक छोटी सी किराना दुकान शुरू की। उनकी मेहनत रंग लाई और दुकान से होने वाली आमदनी ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना शुरू कर दिया।

किराना दुकान के साथ-साथ, सिया ने बकरी पालन भी शुरू किया, जिससे उनके परिवार को साल में लगभग 20हजार रूपये की अतिरिक्त आमदनी होने लगी। उनकी बेटी भी अब सिलाई का काम करती है, जिससे हर महीने लगभग 3हजार रूपये की आय हो जाती हैं। इन सभी प्रयासों से अब उनके परिवार की वार्षिक आय 1 लाख रूपये से भी अधिक हो गई है।

सिया ने परिवार को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत किया, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समूह से मिली जागरूकता के चलते उन्होंने अपने परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिलाया। अब उनका सपना है कि वह अपने गाँव की सभी महिलाओं को सशक्त बनाएं। इसके लिए वह गाँव की महिलाओं को प्रेरित करती हैं और गरीबी से बाहर निकलने के रास्ते दिखा रही हैं।

### मानव श्रृंखला एवं नारों से घरों में तिरंगा लगाने किया प्रेरित

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सोमवार को प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में रासेयो स्वयंसेवको, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ द्वारा महाविद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला एवं नारों के माध्यम से नगरवासियो को तिरंगा खरीदकर अपने-अपने घरों में सम्मान सहित फहराने, राष्ट्रध्वज के महत्व को समझने और भारतीय होने पर गर्व का अनुभव करने के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा आजादी के लिये बलिदान देने वाले शहीदो को याद कर तिरंगे के सम्मान के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ अरविंद सिंह ने सभी को राष्ट्रध्वज का सम्मान करने तथा राष्ट्रध्वज के सभी रंगों का अर्थ समझकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी द्वारा सभी को तिरंगा फहराने की शपथ दिलाकर, तिरंगे एवं हमे आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. मंजुलता साहू, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, मनीष मिश्रा, डॉ अरविन्द शुक्ला, श्रीमती अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, सौरभ सिंह, पुष्पलता विश्वकर्मा, सोनम पाण्डे, सुश्री संतोषी तिवारी, दीपक मिश्रा, डॉ अरुण तिवारी, डॉ चंद्रभान विश्वकर्मा, आशीष तिवारी, अजय सेन, राजेश्वरी मिश्रा तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रासेयो स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

### अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशों के पालन की दी हिदायत

# शिकायतों का शीघ्र निराकरण ग्रेडिंग सुधारने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन, हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन और स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य आयोजन की तैयारियों की गहन समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर श्रीमती परस्ते ने अधिकारियों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत निर्धारित सभी घटकों के क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभागों को पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहा कि अभियान के दौरान प्रभावी गतिविधियां की जाएं। अधिक से अधिक तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखलाएं, साइकल रैली, बाइक रैली, रंगोली प्रतियोगिता और देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। आमजन को आसानी से राष्ट्रध्वज उपलब्ध कराए जाएं।

तिरंगा यात्रा के संदर्भ में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से परामर्श लेकर जिले के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, सांस्कृतिक मंडलों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों, पेंशनर्स, सेवानिवृत्त सैनिकों और समाजसेवियों को भी आवश्यक रूप से जोड़ा जाए।

### तैयारियों की ली जानकारी

अपर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस के समारोह में शामिल होने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण पत्र दिया जाय। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल झिंझरी पुलिस मैदान में आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारियों की जानकारी ली और जरुरी निर्देश दिए।अपर कलेक्टर ने समारोह स्थल पर एंबुलेंस और डाक्टर्स व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा को निर्देशित किया ।

सी एम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान सी और डी श्रेणी वाले विभागों को शिकायतों का त्वरित निराकरण कर अपनी ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय भेजने की हिदायत दी गई। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के शरद पांडेय ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्किल इंडिया कंपटीशन की व्यापक जानकारी दी और स्किल इंडिया डिजिटल हब में रजिस्टर्ड करने की प्रक्रियात्मक तरीके बताए। इस दौरान जिले में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चलने वाले एचआईव्ही एड्स सघन जागरूकता अभियान की विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक में सभी एस डी एम, डिप्टी कलेक्टर त्रय प्रदीप कुमार मिश्रा व विवेक गुप्ता एवं विंकी सिंह मारे उइके, कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन व्ही ए सिद्दिकी, जिला पंजीयक पंकज कोरी, निगमायुक्त नीलेश दुबे, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, सी एम एच ओ डा राज सिंह ठाकुर, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत मृगेंद्र सिंह सहित सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि और अन्य विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वयंसेवक बनें, तिरंगे के साथ करें सेल्फी अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिलेवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान 2025 में पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। यह अभियान 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। यह देश की स्वतंत्रता और एकता का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है, जो हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है।

उल्लेखनीय है कि यह अभियान वर्ष 2022 में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अहम भाग के रूप में शुरू हुआ। यह अभियान अब एक शक्तिशाली जन आंदोलन बन चुका है, जिसमें सभी सहभागी बन रहे हैं। इसका लक्ष्य प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को प्रगाढ़ करना है।

हर घर तिरंगा अभियान में 9 अगस्त से 12 अगस्त तक लोगों के बीच सामुदायिक जुड़ाव और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें तिरंगा महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम और तिरंगा रैलियाँ प्रमुख रूप से आयोजित की जाएंगी। अंतिम चरण, 13 से 15 अगस्त तक, व्यक्तिगत स्तर पर देशभक्ति के प्रदर्शन पर केंद्रित रहेगा। इसमें घरों पर झंडा फहराना और तिरंगे के साथ सैल्फी अपलोड करना शामिल है। 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लेना सरल और सभी के लिए खुला है। तीन मुख्य तरीकों से इस राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बन सकते हैं harghartiranga.com पर पंजीकरण करें और तिरंगे का संदेश अपने परिवार, दोस्तों और समुदाय तक पहुंचाएं। दूसरों को सही ढंग से झंडा फहराने में मदद करें और तिरंगा सैल्फी साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**खबर संक्षेप**

### 24 वर्षीय युवक 7 अगस्त से लापता, भाई ने थाना अजयगढ़ में गुमशुदा को लेकर लिखाई रिपोर्ट

**पन्ना।** फरियादी रोहित कुमार अहिरवार पिता सतीचरण अहिरवार उम्र 29 वर्ष हाल निवास ग्राम बरकोला थाना अजयगढ़ में अपनी मां राधा बाई अहिरवार के साथ पहुंचकर अपने मझले भाई रामरतन अहिरवार उम्र 24 वर्ष जो इलेक्ट्रिक का काम करता है दिनांक 07. अगस्त 2025 को मै बांदा गया था रात करीब 8 बजे मुझे मेरी मां राधा बाई ने फोन से बताया कि रामरतन दोपहर करीब 2:30 बजे अजयगढ़ बाजार को कहकर गया मोटर साईकिल लेकर गया था मोटर साईकिल अजयगढ़ में रामरूप के यहां रखकर घर वापस आने की बात कही थी जो घर वापस नहीं गया।

### तीन दिवसीय रक्तदान अभियान में बनें सहभागी


**पन्ना।** टीएल बैठक के प्रारंभ में ब्रम्हाकुमारी संस्था के तत्वाधान में तीन दिवसीय रक्तदान अभियान में सहभागिता के संबंध में विचार विमर्श किया गया। विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर आयोजक संस्था के समाज सेवा प्रभाग द्वारा रक्तदान अभियान आयोजित किया जा रहा है। 22 अगस्त को देवेन्द्रनगर, 23 अगस्त को पवई और 24 अगस्त को पन्ना में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस पुण्यदान के कार्य में शासकीय सेवकों से भी सहभागी बनने की अपेक्षा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

सर्व धर्म सर्व समाज की सहभागिता ही कार्यक्रम को दिव्य और भव्य बनाती है - सत्येन्द्र सिंह लोधी

# रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आगामी 16 अगस्त को रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के अवसर पर होने वाले विशाल तिरंगा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर आज सर्किट हाउस दमोह में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें जिला लोधी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष भाव सिंह लोधी, कार्यक्रम के संयोजक महिपाल सिंह लोधी, सत्येंद्र सिंह लोधी ने पत्रकार वार्ता में बताया। 1857 की क्रांति की स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर एक विशाल तिरंगा यात्रा स्थानीय तहसील ग्राउण्ड से प्रारंभ होकर विवेकानंद चौराहा, कोआपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड चौराहा, घंटाघर, अम्बेडकर चौराहा, कीर्ति स्तंभ, बेलाताल, होते हुये जटाशंकर में रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर




समापन किया जाएगा। यह यात्रा लगभग 3 किलोमीटर की होगी रानी अवंती बाई जी की जयंती के अवसर पर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम दमोह में संपन्न होने जा रहा है। मंचीय कार्यक्रम में वीरांगना अवंती बाई लोधी के जीवन चरित्र पर एक सांस्कृतिक प्रस्तुत आयोजन किया जाएगा जिसमें रानी अवंतीबाई लोधी के ऊपर एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने कहा आप सभी जो नृत्य नाटिका देखेंगे बह संस्कृति विभाग द्वारा रानी अवंती बाई पर तैयार करवाई गई है। सत्येन्द्र सिंह लोधी ने कहा - रानी अवंती बाई लोधी जी की जन्म जयंती के अवसर पर सभी लोग खासकर सर्व समाज, सर्व वर्ग और सभी दलों के नेता के साथ मंच सांझा करके इस जन्म जयंती को मनाने जा रहे है। संदेश केवल एक यही है की आजादी के पहले हम केवल तलवार से लड़ते थे और अब आजादी मिल गई है और यदि हमें सही आजादी जीवन में चाहिए है तो हमें पढ़कर, लिखकर कलम चला कर आजादी लेनी पड़ेगी और समाज में जब किसी आयोजन को सफल करना रहता है, तब सर्व समाज की उस आयोजन में सहभागिता होती है तभी वह आयोजन भव्य और दिव्य होता है। और तभी यह आयोजन वीरांगना के चरणों में सच्ची श्रद्धा सुमन होगा। साथ ही श्री लोधी ने कहा रानी अवंती बाई लोधी जी हमारी स्वतंत्रता सेनानी है, जिन्होंने 1857 की लड़ाई में अपने प्राण देश के लिए अर्पित किए हैं, हम सभी सर्व समाज को मिलकर उनकी जयंती मनाना चाहिए, ऐसे कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचना चाहिए। इसमें सैकड़ो लोगों की मेहनत है, हर ब्लॉक में बैठक हुई है हर ग्राम पंचायत में जाकर लोगों ने बैठक की है, सभी को इस कार्यक्रम के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया है। एक ऐसा मंच बनाने का प्रयास किया है जिसमें ना हम राजनीतिक दल देखें, ना हम समाज देखें, सभी समाज एवं सर्व दलों को एक साथ एक मंच पर ला सकें, इसका प्रयास टीम के सैकड़ो लोगों ने पूरे दमोह जिले में किया है।

## कार्यालयों में कई कर्मचारी ड्यूटी से नदारद, फिर भी वेतन बराबर मिल रहा

**पथरिया।** अनुविभागीय मुख्यालय अंतर्गत आने वाले कार्यालयों में कई विभागों में कर्मचारियों की नियमित नही आने के बाद भी विभाग प्रमुख द्वारा वेतन बराबर दिया जा रहा है शासन के कुछ कार्यालय में सार्थक व अन्य पोर्टल पर हाजिरी ली जा रही है लेकिन जिन कर्मचारियों को नही आना उन पर कोई प्रभाव नही पड़ता और कारण भी है जब बिना ड्यूटी पर जाए वेतन पूरा मिल रहा है तो क्यों जाए अगर कोई कुछ बोलें तो इधर उधर से जनप्रतिनिधियों से कार्यालय प्रमुख को मोबाइल पर बात करवा देते हैं जिससे उनकी मनमर्जी चल रही है। कुछ विभाग को छोड़ प्रायः प्रायः सभी भी 2-4 कर्मचारी मिल जाएंगे जो महीनों से नही अपनी ड्यूटी पर आ रहें और वाकायदा वेतन पूरा मिल रहा है। सिस्टम लाख कोशिश कर लें पर जब तक विभाग में अधिकारी व लेखापाल ऐसे रहेंगे तब तक सुधार संभव नहीं क्योंकि जिनको जिम्मेदार है। वह क्या कारण रहता है कि बिना ड्यूटी के बाद भी वेतन पूरा दें रहें हैं या फिर मिलीभगत है जिससे यह सब चल रहा है इसकी निष्पक्ष जांच होना चाहिए कि आखिर किस विभाग में कौन कर्मचारी कब से नदारद है और वेतन पूरा मिल रहा। जिलें के जवाबदेह प्रशासन के मुखिया इस पर ध्यान देंगे ऐसी जनपेक्षा है।

## कुशवाहा समाज ने निकाली लवकुश व जन्म वर्ष उत्सव पर जिले में शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला छत्रिय कुशवाहा समाज संगठन व कल्याण समिति द्वारा लवकुश भगवान व सम्राट अशोक जन्म वर्ष उत्सव शोभायात्रा में पथरिया, बटियागढ़, हटा, पटेरा जबेरा, दमोह, ब्लॉक के कुशवाहा समाज जेस्ट श्रेष्ठ चार हजार कुशवाहा सदस्यों ने पूरी जोर-तोड से मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया जिसमें मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा सांसद जौनपुर ने मार्गदर्शन देते हुए कहा बच्चों को शिक्षित करना बेटी बेटा को पढ़ाना व काबिल बनाना जिला समाज संगठन के जिला अध्यक्ष ईश्वर दास साईं बाबा ने संबोधित करते हुए बताया समाज का उद्देश्य कुरीतियों को छोड़ना एवं मुख्य धाराओं से जोड़ना,जिला सचिव डालचंद कुशवाहा ने मंच संचालन करते हुये बताया एकता का परिचय देना पड़ेगा तभी समाज में हो रहे अत्याचार कम हो पाएंगे जब तक समाज में नेता पैदा नहीं करेंगे तब तक जुल्म समाज के बीच होते रहेंगे, जिसमें उपस्थित रहे समाज के पूर्व



अध्यक्ष गोविंद राम कुशवाहा, भगवान दास कुशवाहा, मुकुंदी राम कुशवाहा, वर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहन मुकदम कुशवाहा, संयुक्त सचिव द्वारका कुशवाहा, कोषाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, युवा अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, पूर्व सचिव कमल कुशवाहा, बसंत कुशवाहा,फुटेरा से नन्हे भाई कुशवाहा, पथरिया से सोमनाथ कुशवाहा, शिव शंकर कुशवाहा, राघवेंद्र कुशवाहा, जनपद अध्यक्ष बटियागढ़ मंगल कुशवाह, जनपद सदस्य कृष्ण कुमार कुशवाहा, लीलाधर कुशवाहा, प्रताप कुशवाहा, दमोह ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा, पथरिया ब्लाक मनमोहन कुशवाहा, बटियागढ़ ब्लॉक बलिराम कुशवाहा, हटा ब्लाक नन्हे कुशवाहा, पटेरा ब्लॉक रमेश कुशवाहा, देवनारायण कुशवाहा डॉक्टर गंगाराम कुशवाहा डॉक्टर बालकृष्ण कुशवाहा, कृपाल कुशवाहा,सरपंच परसोत्तम कुशवाहा नारायण कुशवाहा पप्पू कुशवाहा रामेश्वर कुशवाहा रिंकू कुशवाहा उत्तम कुशवाहा, थोक सब्जी विक्रेता संजू कुशवाहा, मनोहर मुनीम कुशवाहा, पूर्व चेतराम पार्षद, पप्पू कुशवाहा, युवा पूर्व अध्यक्ष परसोत्तम कुशवाहा, अभाना से सत्यनारायण कुशवाहा, जबेरा से वीर कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, खेमचंद, मंटू, पुष्पेंद्र, तुलसी, महेंद्र, राजकुमार, मोती, हेमंत, बद्री, तखत मासाब व युवा नेता योगेंद्र कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया, यह जानकारी मीडिया प्रभारी भरत कुशवाहा ने दी।

## आचार्य श्री के चरण पादुका एवं छतरी निर्माण के लिए गौशाला में हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर की दयोदय गौशाला में आचार्य श्री विद्यासागर जी की चरण पादुका एवं छतरी निर्माण के लिए मुनि श्री 108 प्रयोग सागर महाराज की उपस्थिति में बाल ब्रहमचारी अंकित भईयां जी के मत्रोचारण के साथ भूमि पूजन किया गया। इसके पूर्व संगीतमय आचार्य श्री का पूजन किया गया। साथ ही मुनि श्री के प्रवचन हुए। इस दौरान चरण पादुका एवं छतरी निर्माण में अभय कुमार मोदी, राजेन्द्र जैन दिगम्बर, कमलेश शर्मा, के अलावा पंडित रमेश तिवारी, रश्मि साहू का विशेष योगदान रहा साथ ही समस्त जैन समाज की महिलाओ एवं पुरूषो की भी सहभागिता रही। इस दौरान गौशाला कमेटी के अध्यक्ष संजय पारस मणी, अमरचंद जैन, विवेक चैधरी, अरविन्द मोदी, साथ ही विभिन्न कार्यकारणी के सदस्य मौजूद रहे।



## स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाए जाने को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**जबेरा।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाए जाने को लेकर ग्राम पंचायत जबेरा में सोमवार को बैठक का आयोजन आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा के मुख्य आथित्य एवं सरपंच शिवलाल धुर्वे की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली सभी शासकीय गैर शासकीय संस्थाएं अपनी अपनी संस्थाओं में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण करते हुए प्रातः 8:00 बजे ग्राम पंचायत भवन प्रांगण में मुख्य समारोह में भाग लेने हेतु उपस्थित होंगे। जिसमें ग्राम पंचायत का ध्वजारोहण प्रातः 8:30 बजे एवं मुख्य समारोह का ध्वजारोहण प्रातः 8:45 बजे गरिमामय माहौल में किया जाएगा। मुख्य समारोह में प्रत्येक विद्यालय से एक-एक कार्यक्रम लिया जाएगा जिसमें प्रत्येक कार्यक्रम का समय 5



मिनिट निर्धारित किया गया है। साथ ही मुख्य समारोह में शासन के निर्देशानुसार सभी कार्यक्रम देशभक्ति पर आधारित होंने चाहिए अन्य कार्यक्रम समारोह में शामिल नहीं किए जाएंगे। बैठक में मुख्य समारोह कार्यक्रम हेतु संचालन एवं निर्णायक मंडल का भी चयन किया गया। मुख्य समारोह कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीन श्रेणियां में पुरुस्कृत किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सचिव कलू यादव, सहायक ब्लॉक प्रबंधक अजय शुक्ला, प्राचार्य संजय बाजपेई, रविशंकर बाजपेई, दस्सू ठाकुर, कैलाश सिंह ठाकुर, राजेश जैन, राजेश पाटकर, रामकिशोर शर्मा, डुम्मन विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा, अरुण बाजपेई, सुदीप मेहरा, मनोज सोनी सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

## अखंड रामायण पाठः सुख-समृद्धि का प्रतीक



**बनवार।** अखंड रामायण पाठ एक पवित्र हिंदू परंपरा है, जिसमें भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए 24 घंटे तक रामचरितमानस का निरंतर पाठ किया जाता है। यह धार्मिक अनुष्ठान जीवन के विभिन्न पहलुओं में शांति, समृद्धि और सफलता लाता है। गांव के प्रतिष्ठित डॉ. सत्यजीत रॉय के नवीन घर पर अखंड रामायण का पाठ हुआ। पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया कि अखंड रामायण पाठ में भाग लेने वालों को शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह पाठ एक कवच की तरह काम करता है, जो बुरी और अज्ञात शक्तियों से बचाता है। अखंड रामायण पाठ के केंद्र में भगवान राम की दिव्य कथा है, जिनकी जीवन गाथा धर्म, साहस और सदाचार की प्रतिमूर्ति है। उनकी कथा का पाठ करना केवल एक धार्मिक कार्य नहीं है, बल्कि परिवार, नेतृत्व, जवाबदेही और न्याय पर उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने का एक साधन है। रामायण के विभिन्न कांडों में अद्वितीय शिक्षाएं छिपी हैं जो जीवन के विभिन्न पहलुओं से मेल खाती हैं। अखंड रामायण पाठ करने से आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा मिलता है और व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में सफलता सुनिश्चित होती है।

## तिरंगा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. हरिओम दुबे के निर्देशन में महाविद्यालय में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत तिरंगा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती नाज़नीन बेगम एवं डॉ. मंगलसिंह अहिरवार उपस्थित रहे। समिति सदस्यों डॉ. कमल कुमार कोरी, डॉ. मीरा माधुरी महंत, डॉ निहारिका चौरसिया, सुश्री निकिता जैन के सहयोग से प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

## प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**दमोह।** इस वर्ष भी म.प्र. राष्ट्र भाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन न्यास भोपाल द्वारा आयोजित प्रोत्साहन प्रतियोगिता 2025 युवा पीढ़ी को भाषा साहित्य और संस्कृति से जोड़ने हेतु समिति के मंत्री संचालक कैलाश पंत द्वारा गत बीस वर्षो से 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं के लिए प्रतिभा प्रोत्साहन ,प्रतियोगिताएं दो चरण में आयोजित है इस वर्ष भी . प्रथम शाला स्तर पर. द्वितीय जिला स्तर पर होगी जिसकी सूचना शालाओं को दी जायेंगी। प्रथम कविता पाठ किसी विख्यात कवि की देशभक्ति की कविता. द्वितीय भाषण प्रतियोगिता राष्ट्र का विकास : युवा शक्ति तीसरी एकल लोक गीत प्रतियोगिता,चतुर्थ चित्रांकन से शब्दांकन,प्रतियोगिताएं भोपाल प्रांतीय संयोजक जया केतकी के आदेशानुसार शाला प्राचार्य को सूचनार्थ प्रथम 500रू., दूसरा 400रू. तीसरा 300रु. व स्मृति चिन्ह प्रमाण-पत्र प्रदान किए जांएगे यह निर्णय लिया गया ,दमोह समिति संयोजक डॉ.प्रेमलता नीलम ने दी। अध्यक्ष पुष्पा चिले ,उपाध्यक्ष पदमा तिवारी .सह संयोजक करूणा खरे .संरक्षक डॉ रघुनंदन चिले,श्याम सुंदर शुक्ला की उपस्थिति रही ।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि का हुआ वितरण

**दमोह।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम का सीधा प्रसारण NIC दमोह के VC कक्ष में जिले के किसान संघ के प्रतिनिधियों एवं किसान बंधुओ द्वारा देखा एवं सुना गया। इस सबंध में उप संचालक कृषि दमोह ने बताया दमोह जिले के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्रथम किस्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से बीमा दावा राशि का वितरण किया गया। कुल बीमा राशि- 09 करोड़ 83 लाख, 58184 रूपये दमोह जिले को प्राप्त हो रहा हैं। कुल लाभान्वित किसानों की संख्या 39325 हैं। इस दौरान रबी 2023-24, खरीफ 2024, रबी 2024-25 की प्रधानमंत्री फसल बीमा का राशि वितरण किया गया।

## राजीव अयाची प्रान्तीय कला संयोजक एवं गणेश राय जिला अध्यक्ष निर्वाचित

**दमोह।** संस्कार भारती जिला इकाई की कार्यकारणी का गठन एवं काव्य संध्या का आयोजन शिल्पी नाट्य गृह दमोह में आयोजित किया गया जिसके अध्यक्ष व्यंग्कार डॉ. रघुनंदन चिले मुख्य अतिथि प्रांतीय कोषाध्यक्ष मदज पटेल जबलपुर विशिष्ट अतिथि रबीस सोनी कवियत्री डॉ. प्रेमलता नीलम रंगकर्मी कमलेश यादव जबलपुर इंजीनियरिंग अमर सिंह राजपूत,पी.एस. परिहार रहे। साधारण सभा में सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश राय उपाध्यक्ष सदन नेमा, कोषाध्यक्ष आराधना राय, महामंत्री पी.सी.शर्मा,मंत्री प्रो. डा. अनिल जैन ,बी.एम. दुबे, दिनेश जैन-राही, प्रांतीय कला संयोजक रंगकर्मी राजीव अयाची साहित्य धरोहर संयोजक में डॉ रघुनंदन चिले,शिक्षाविद् डॉ.एन. आर राठौर पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रेमलता नीलम. इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, पी.एस.परिहार, ओजेन्द्र तिवारी, श्रीमती विमला तिवारी को निर्वाचित किया गया ।संस्कार भारती के उद्देश्यों पर महाकौशल प्रांत के मदन पटेल ने प्रकाश डाला। काव्य संध्या में नगर के नामचीन शायरों एवं कवियों ने अपनी हिस्सेदारीकी जिसमें युवा शायर अब्दुल अनाम, शोएब, ताहिर दमोही, डॉ रघुनंदन चिले, पी.सी. शर्मा, नरेंद्र अरजरिया, आनंद जैन, दिनेश जैन राही, पी.एस. परिहार, बी.एम.दुबे, चन्दा नेमा, अमर सिंह राजपूत, ओजेन्द्र तिवारी, आराधना राय, आशीष तंतुवाय,आदि ने एक से बढ़कर एक रचनाएं पढ़ी नगर के प्रवुद्ध जनों के साथ ही नाट्य कला रंगकर्मियों की उपस्थिति रही संचालन बी.एम.दुबे ने एवं आभार राजीव अयाची ने माना।

## छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में मनाया गया 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, उत्सव

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं कार्यालय कलेक्टर जिला पन्ना के आदेशानुसार ष्हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छतारू स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संगष अभियान के तहत छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में आज दिनांक 11 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी की उपस्थिति में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने विज्ञान भवन में स्वच्छता अभियान चलाया। विज्ञान भवन के मुख्य गेट के सामने से मुख्य भवन तक तथा विज्ञान संकाय परिसर स्थित छात्रावास के सामने खरपतवार, अनावश्यक वनस्पतियां, कांटेदार वनस्पतियां एवं गाजरघास का उन्मूलन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया तथा तिरंगा झंडा सेल्फी के साथ हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता की वेबसाइट पर फोटो अपलोड करने के लिए निर्देशित किया। इस पूरे अभियान में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी.पी. मिश्रा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आर एम दत्ता एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ डीपी कुशवाहा, रासेयो जिला संगठक डॉ मनोज कुमार शुक्ला, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीयूषा शर्मा, डॉ रचना गुप्ता, डॉ अरविंद निषाद, क्रीडा अधिकारी श्री धर्मेन्द्रर यादव, एवं जय चौरसिया उपस्थित रहे।

## जिला जेल पन्ना का किया निरीक्षण

**पन्ना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में आज व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ द्वारा जिला जेल पन्ना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस मौके पर बंदियों के मध्य विधिक साक्षरता शिविर भी लगाया गया। प्राधिकरण के सचिव ने निरीक्षण सह शिविर के दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में जिला जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली तथा जेल प्रबंधन को बंदियों के जमानत आदेश प्राप्त होने के सात दिवस में बंदी की रिहाई नहीं होने पर अविलंब प्राधिकरण कार्यालय में सूचित करने की सलाह दी गई। बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने और स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता पर जेल प्रशासन के माध्यम से अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करने की सलाह दी गई।

## 818.4 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 818.4 मि.मी. अर्थात 32.2 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 154.0 मि.मी. अर्थात 6.1 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 664.4 मि.मी. अर्थात 26.1 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा दमोह में 958.0 मि.मी. दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 958.0 मि.मी., हटा 768.7 मि.मी., जबेरा में 894.0 मि.मी., पथरिया 938.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 779.4 मि.मी., बटियागढ़ 730.0 मि.मी. तथा पटेरा में 661.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 34.6 मि.मी. अर्थात 1.3 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 36.0 मि.मी., हटा में 23.0 मि.मी., पथरिया में 102.0 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 8.4 मि.मी., बटियागढ़ में 73.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा मिल कर बनाई जाएगी मानव श्रृंखला-कलेक्टर

### कार्यक्रम आज 3 से 4 बजे के बीच आयोजित किया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है तिरंगा राखी वर्कशॉप से लेकर के कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं। स्कूलों में लगातार तिरंगा गान अभी पूरा हुआ है। इसके साथ ही दो बड़े कार्यक्रमों में पहला कार्यक्रम 12 अगस्त को मानव श्रृंखला है और यह मानव श्रृंखला स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा मिलकर बनाई जाएगी। यह कार्यक्रम 03 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें मिशन स्कूल, डॉक्टर विजय लाल कॉलेज से होकर किल्लाई नाका, सरस्वती चौराहा, विवेकानंद चौराहा, कीर्ति स्तंभ, अंबेडकर चौक, घंटाघर, जेल तिराहा, कमला नेहरू कॉलेज और नवजागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यह पूरा चक्र बनेगा, जिसमें बारह स्कूल और कॉलेज के बच्चे यहां पर रहेंगे और ठीक 03 बजे इसको प्रारंभ किया जायेगा। सभी बच्चे अपने स्कूल परिसर के बाहर आकर के बिल्कुल कोने में सड़क के किनारे खड़े रहेंगे और सभी के हाथों में ध्वज होगा और इसके साथ वह तिरंगे और आजादी को लेकर के नारे लगाएंगे, यह पूरी एक मानव श्रृंखला के रूप में बारह स्कूलों के सारे बच्चे खड़े होंगे। लगभग 3 से 4 हजार के आसपास बच्चे एक ही समय में एक साथ खड़े होंगे। जनप्रतिनिधि गण और समाज के गणमान्य नागरिक और बाकी सभी लोग, एक सिरे से चलते हुए पूरा अवलोकन करके वापस आएंगे, इस प्रकार से यह पूरा कार्यक्रम 03 बजे से लेकर 04 बजे के बीच में रहेगा। इसी प्रकार 12 अगस्त को पी.जी कॉलेज में एक तिरंगा कंसर्ट भी आयोजित है, जिसमें कॉलेज के युवा विद्यार्थी देशभक्ति के गीत आदि गाएंगे। यह कंसर्ट बहुत अच्छा होगा, जिसमें सभी शहर और जिले के नागरिक भी भाग लेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी दमोह जिले के वासियों से आग्रह किया है कि दोनों कार्यक्रमों में सभी बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभायें।

**खबर संक्षेप**

### पीएआई का विमोचन जिला पंचायत सभाकक्ष में आज

**दमोह।** ग्राम पंचायत के समग्र विकास के प्रदर्शन मापक के रूप में पीएआई 1.0 (पंचायत उन्नति सूचकांक) समूचे देश में क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। इस सबंध में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने बताया भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2022-23 के सम्पादित पीएआई (पंचायत उन्नति सूचकांक) का विमोचन जिला स्तर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में 12 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। उन्होंने कहा पीएआई 1.0 (पंचायत उन्नति सूचकांक) अंतर्गत 09 थीमों में सर्वोच्च रैंकिंग अनुसार जिले की अग्रिम 10 ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में जिले की सभी ग्राम पंचायतों की रैंकिंग स्थिति पर भी थीमवार चर्चा की जायेगी।

### 62 आयुष्मान कार्ड बनाए गए

**दमोह।** जिले में ऐसे श्रमिक भाई और श्रमिक बहन जो दमोह में किल्लाई नाका, तीन गुल्ली, बस स्टेशन या जबलपुर नाका एरिया में सुबह-सुबह मजदूरी के लिए जाते हैं और खड़े रहते हैं। उन सबके आयुष्मान कार्ड बनाने का काम जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज आयोजित हुए आयुष्मान कैंप में आयुष्मान कार्ड बनाये गए। आयुष्मान कैंप का अवलोकन जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने किया। आयुष्मान कैंप अंतर्गत तीनगुल्ली चौराहा में 27 कार्ड, टॉकीज चौराहा में 20 कार्ड, जबलपुर नाका में 25 कार्ड बनाये गए। इस प्रकार कुल 62 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। अगले कैंप इन्हीं स्थानों पर बुधवार और गुरुवार को आयोजित किये जायेंगे।

### बच्चों की सेहत का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है : डॉ बजाज

**दमोह।** शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जलज बजाज ने बताया स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त आने वाला है और स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विद्यालयों एवं अन्य जगहों से सारे बच्चे एक जगह मैदान में इकट्ठा होते हैं या रैली के माध्यम से जाते हैं, तो इस दौरान किसी बच्चे की तबीयत न बिगड़े, पिछले वर्ष में देखा गया कि किसी को चक्कर आना, कमजोरी लगना, थकान महसूस होना यह सब प्रोग्राम के दौरान पता चला था, तो इनसे बचाव के लिए अभिभावकों को कुछ जानकारी देने के लिए प्रयास किया है, ताकि बच्चे स्वस्थ रहें और पूरे कार्यक्रम का आनंद लें एवं अपनी प्रस्तुति अच्छे से कर सकें। डॉ.बजाज ने कहा अभिभावकों को खास बातों पर ध्यान रखना है, कि बच्चे को एक हेल्दी नाश्ता कराकर भेजें। बच्चे के खानपान का ध्यान रखें, जैसे जरूरी यह है कि वह कुछ खाकर आएं, खाली पेट न आएं, उनको पर्याप्त मात्रा में पानी दिया जाए, कुछ जूस, फलों जैसी चीजें दी जा सकती हैं, हल्का नाश्ता कराया जा सकता है, ज्यादा हैवी खाना जैसे तैलीय खाना इससे बचें, खाली पेट तो बच्चे को मैदान में बिल्कुल न भेजें। क्योंकि कार्यक्रम शुरू होता है, सुबह से बच्चे निकलते हैं, तो कई बार 11, 12 या दोपहर भी हो सकती है, इस दौरान में बच्चे खाली पेट रहते हैं, फिर उनको पानी की कमी की संभावना रहती है या कभी-कभी उनका शुगर लेवल कम हो जाता है जिसकी वजह से चक्कर आना और बेहोशी जैसी बातें सामने दिखने आती हैं। सभी अभिभावकगण बच्चों का खास ध्यान रखें, नाश्ता कराकर ही भेजें, पर्याप्त मात्रा में पानी दें, फलों के तौर पर मौसमी फल जैसे केले, सेब बच्चे को खिला सकते हैं या साथ में रखकर भेज सकते हैं।

कूपन वितरण को लेकर किसानों में आक्रोश, प्रशासन की हस्तक्षेप से टला चक्का जाम, पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

# कूपन ना मिलने से नाराज किसानों ने ट्रक से लूटी खाद की बोरियां

- 1 दिन में 8 हजार किसानों को बटे कूपन, कई किसानों ने दो तीन बार ले लिए कूपन
- सुबह 9 बजे से 10 तक बटना थे कूपन लेकिन सुबह 7 से 8 तक ही बांट दिये 3000 कूपन
- इसके बाद सुबह 10 से तहसील में पुनः बांटे गए 5 हजार किसानों को खाद के कूपन










हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

एक बार फिर खाद की किल्लत और कूपन वितरण में अनियमितताओं को लेकर सोमवार सुबह किसानों में भारी असंतोष देखने को मिला। सोमवार की सुबह 9 बजे से 10 सुबह बजे तक कूपन जारी करने की जानकारी किसानों को शुक्रवार को दी गई थी उसके बावजूद सुबह 7 से 8 बजे के बीच करीब 3 हजार किसानों कौ कूपन की बाट दिए जाने की जानकारी किसानों को दी गई जब क्षेत्र के दूर-दूर से किसान तय समय के अनुसार 8:30 बजे डबल लाख गोदाम पहुंचे तो उनको बताया गया की 3 हजार कूपन बूट चुके हैं जिसके बाद किसानों ने एक बार फिर चक्राजाम करने की योजना बनानी शुरू कर दी उपस्थित किसानों का कहना था कि कूपन में कालाबाजारी की जा रही है और नगर एवं इससे लगे गांव के लोगों को कूपन दे दिए गए हैं हालांकि नगर एवं आसपास के किसान सुबह 3 बजे से ही डबल लाक गोदाम पहुंचना शुरू हो गए किसानों ने यह भी आरोप लगाए की 1हजार कूपन बांटे गए हैं और 2 हजार कूपनो की कालाबाजारी की गई है कुछ लोगों ने कूपन लेकर इन कूपनो को 150 रूपयो में बेच रहे हैं किसानों का ऐसे 3 हजार किसान कहां से आ गए सुबह 7 बजे किसानों का कहना था कि 20- 40 किलोमीटर दूर से भी आए हैं कम से कम एक-एक बोरी का तो दिया जाए जो कूपन ले गए इस दौरान एसडीओपी जीएस ठाकुर थाना प्रभारी नितेश जैन एवं तहसीलदार विवेक व्यास मार्केटिंग विपरण अधिकारी इंद्रपाल सिंह राजपूत एवं पुलिस मौजूद थी

### ट्रक से खाद लूट लिया किसानों ने पुलिस आई एक्शन मै

सुबह लगभग 6 ट्रक खाद नगर में पहुंचा जिसमें दो ट्रक गोदाम पर, दो ट्रक मंडी में एवं दो ट्रक खकरिया मार्ग में खड़े किए गए । दो ट्रको से जब गोदाम में खाद खाली करवाया जा रहा था उसी दौरान हजारों किसान वहां मौजूद थे कूपन न मिलने से नाराज किसानों ने वहां खड़े खाद के ट्रक पर धावा बोल दिया और लगभग 50 किसानों ने ट्रक पर चढ़कर खाद की ट्रक से बोरियां ले जाने लगे खाद की लूट को देखते हुए तत्काल ही पुलिस एक्शन में आई पुलिस हल्का बल प्रयोग करना पड़ा जिससे किसानों में भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई थाना प्रभारी नितेश जैन प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी आरक्षक नीरज नामदेव ने स्थिति को संभाला एवं किसानों से लूटी गई खाद की बोरिया वापस ली।

### स्थिति तनावपूर्ण होते ही कलेक्टर को दी गई जानकारी

स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि चक्का जाम की नौबत आ गई। जैसे ही कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत दमोह से एसडीएम अविनाश रावत, जनपद सीईओ मनीष बागरी, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी अधिकारियों को मौके पर भेजा। अधिकारियों ने किसानों से संवाद कर स्थिति को संभाला और आश्वस्त किया कि सभी किसानों को कूपन अब तहसील कार्यालय से ही वितरित किए जाएंगे। इसलिए किसान तहसील पहुंचे उसके बाद स्थिति समान्य हो सकी ।

### तहसील कार्यालय से बांटे गए किसानों को कूपन

संयुक्त अनुभागी एवं तहसील कार्यालय से किसानों को सुबह 10 बजे से पुनः कूपन दिए गए तहसील प्रांगण में लगभग तीन से चार हजार किसान मौजूद थे कूपन के दौरान पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी इस दौरान एसडीओ पुलिस डीएस ठाकुर ,जनपद पंचायत के सीईओ मनीष बागरी, तहसीलदार विवेक व्यास, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी की मौजूदगी रही। एसडीएम ने की दिनभर मॉनिटरिंग, वज्रवाहन वाहन सहित पुलिस बल रहा मौजूद। लगभग 10:45 बजे एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरव गन्धर्व तेंदूखेड़ा पहुंचे जिनके द्वारा लगातार डबल लाक जहां पर किसानों को खाद मिल रहा था एवं तहसील प्रांगण जहां से किसानों को कूपन दिए जा रहे थे एसडीएम द्वारा दोनों जगहो की मॉनिटरिंग दिनभर की गई प्रशासन के इस त्वरित निर्णय के बाद किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और कूपन प्राप्त किए। फिलहाल स्थिति सामान्य है, लेकिन किसानों ने मांग की है कि खाद वितरण में पारदर्शिता रखी जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई हो।

### क्या बोले गोदाम प्रभारी

इस संबंध में गोदाम प्रभारी तूफान से पटेल ने बताया कि डबल लाक से 3 हजार कूपन आधार कार्ड एवं वही देखकर सुबह किसानों को दिए गए। इसके बाद तहसील कार्यालय से 5 हजार कूपन बांटे गए हैं। किसानों ने दो-तीन बार कूपन ले लिए हैं खाद के आठ ट्रक आ चुके हैं। जबलपुर एवं दमोह से लगभग 15 हजार बोरियां खाद मंगलवार तक उपलब्ध हो जाएगा। खाद की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद

# हटा जनपद उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव



### जनपद पंचायत के 17 में से 15 सदस्यों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर शपथ पत्र के साथ अविश्वास प्रस्ताव का प्रारूप प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कभी जनपद अध्यक्ष की सजा के चलते तो कभी सजायाफ्ता होने के रिक्त हुई जनपद सीट के उपचुनाव को लेकर सुर्खियों में रहने वाली हटा जनपद पंचायत एक बार फिर सुर्खियों में है दरसल हटा तहसील अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में 17 जनपद शामिल हैं जिसमें वर्तमान में उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती राजकुमारी छिरोलया मड़यिादो से निर्वाचित रही है, हटा जनपद के निर्वाचन उपरांत अब तक लगभग 03 वर्ष का समय बीत चुका है, 17 जनपद सदस्यों एक तिहाई से अधिक के बहुमत से 15 सदस्यों ने आज कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर उपाध्यक्ष राजकुमारी छिरोलया के विरुद्ध शपथपत्र के साथ अविश्वास प्रस्ताव का प्रारूप प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संज्ञान लेते हुए अविश्वास प्रस्ताव विहित अधिकारी एडीएम को अंतरित कर दिया जहाँ देर शाम तक 15 जनपद सदस्यों का वेरिफिकेशन हुआ दरसल अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सदस्यों का कहना है के जनपद उपाध्यक्ष शिक्षा समिति की पदेन अध्यक्ष होती है किंतु 03 वर्षो में उपाध्यक्ष ने एक भी बार शिक्षा समिति की बैठक आहूत नहीं की जिससे लगातार तहसील में शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है, साथ उपाध्यक्ष की कार्यशैली व तरीका जनपद सदस्यों के विश्वास योग्य नहीं रहा है जिसके चलते वे अविश्वास प्रस्ताव लेकर आये हैं। अभी तक की कवायद में फिलहाल नए उपाध्यक्ष का नाम लिफाफे में बंद है देखने वाली बात ये होगी के अविश्वास प्रस्ताव के बाद नया उपाध्यक्ष किस खेमे से निकलकर आता है।

# पौधों को अपना मित्र बनाइए



**दमोह।** शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में मिशन ग्रीन के द्वारा पौधा वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें डा .पूजा मलैया के द्वारा बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पौधों को अपना मित्र बनाने की बात कही। उन्होंने बच्चों को न सिर्फ अपने घर में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया बल्कि छात्र छात्राओं से एक ऐसा समूह बनाने के लिए भी कहा जो अपने घरों में एक पेड़ लगाएं उन्हें मिशन ग्रीन टीम के द्वारा पौधे निःशुल्क प्रदाय किये जाएंगे । प्रभारी प्राचार्य नाजिर खान ने जनहित में चल रहे मिशन ग्रीन की सराहना करते हुए डॉ. पूजा मलैया , मीरा मलैया एवं पौधा वितरित करने संस्था में उपस्थित समस्त मिशन ग्रीन टीम का आभार व्यक्त किया । इलमा , रहनुमा , अंकित अहिरवार , प्रकाश, आयशा ने डॉ. पूजा मलैया की अपील पर समूह बनाने पर अपनी सहमति देते हुए इस कार्य को आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# क्षेत्रीय सांसद से मांग पथरिया में ट्रेनों के स्टापेज हो

**पथरिया।** बीना कटनी रेलखंड में पथरिया स्टेशन जिसे वर्ष 2012 में आदर्श स्टेशन का दर्जा भी मिला लेकिन उसके बाद भी रेल्वे द्वारा सुविधाओं में इजाफा नही किया गया वर्षों बीत गए कम्प्यूटर आरक्षण केंद्र बनें लेकिन खंडर होने वाला है पर चालू नही किया गया। वही कोरोना काल के पहले पथरिया में जिन 6 ट्रेनों का स्टापेज था उसमें से 5 ट्रेनें तो विगत वर्ष से रूकने लगी लेकिन भोपाल इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टापेज नही दिया जबकि उक्त ट्रेन कोरोना से पहले जबसे चालू हुई रूक रही थी लेकिन कोरोना के बाद अभी तक नही स्टापेज हुआ जबकि बीना-कटनी के बीच खुरई,जरूवाखेडा, सागर, मकरोनिया, गणेशगंज, दमोह बांदकपुर, सलैया, रीठी स्टापेज है और पथरिया में बिना रूके निकल रही है क्षेत्रीय सांसद से आम जनता की मांग है कि पथरिया स्टेशन भी दमोह संसदीय क्षेत्र में ही है अलग नही है इसलिए यहां की मांग शामिल की जाएं और जो अतिआवश्यक ट्रेन है जिसमें जबलपुर-अजमेर दयोदय,अमृतसर-विशाखापटनम हीराकुंड, जबलपुर-माता वैष्णो देवी कटरा, भोपाल इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टापेज पथरिया स्टेशन पर किया जाए।

## सर्पदंश पीड़ित को झाड़ फूंक के चलते महिला की मौत

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तेजगढ़ ग्राम में एक महिला को सोते समय सांप ने काट लिया जहां महिला की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी सरोज पति प्रकाश सेन उम्र 44 वर्ष निवासी तेजगढ़ को रविवार की सुबह सांप को घर के अंदर काट लिया महिला के चिल्लाने पर परिजन उठ गए और तो सामने सांप बैठा हुआ था। महिला की हालत बिगड़ने पर पहले परिजन झाड़ फूंक कराते रहे लेकिन जब महिला की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन तेजगढ़ स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से महिला को दमोह रेफर किया गया लेकिन दमोह से महिला को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में महिला की मौत हो गई जहां जबलपुर मेडिकल कॉलेज महिला का पोस्टमार्टम कराया गया। शव परिजनों के सुपुर्द कर जांच की जा रही है लोगों द्वारा बताया गया है एक से दो घंटे तक परिजन झाड़ फूंक मंक लगे रहे सरोज सेन की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इस पर उसे आनन फानन में तेजगढ़ के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से दमोह फिर जबलपुर रेफर कर दिया जहां महिला की मौत हो गई।

### घर की लाइट सुधार कार्य करते समय करंट लगने से युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ़ थाना के अंतर्गत तेजगढ़ ग्राम में एक युवक की करंट लगने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी सोमवार की सुबह 9 बजे तेजगढ़ निवासी परसोत्तम पिता भुगन्दी रजक उम्र 44 वर्ष अपने घर में लाइट सुधार कार्य कर रहा था। उसी समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच की जा रही है।

# रक्त की मांग और आपूर्ति के अंतर को पाटने कलेक्टर की पहल, चलेगा विशेष अभियान

### जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और रक्तदाताओं की आवश्यक बैठक संपन्न

**दमोह।** रक्त के अभाव में किसी व्यक्ति की असमय मौत ना हो इसके लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में एक आवश्यक बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने रक्त की मांग और आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अठया, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी एवं रक्तदाता विशेष रूप से मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस कार्य के लिये सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे को इस पूरे अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रतिदिन कितना रक्त दान में आ रहा है, रक्त किसको किसके द्वारा दिया जा रहा है, इसके संबंध में प्रतिदिन जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कोचर ने ब्लड बैंक एवं उसके रखरखाव के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निदान कैसे हो सकता है, इस पर कार्यवाई तत्काल प्रारंभ की जाये। उन्होंने कहा रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया जाये और लोगों को यह भरोसा दिलाया जाये कि रक्तदान के बाद किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है, कुछ समय आराम करना और फिर काम पर चले जाना बस यही प्रक्रिया है। कलेक्टर श्री कोचर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर आयोजित किये जायें । पूरे माह भर का एक कैलेंडर तैयार करके काम प्रारंभ किया जाये। उन्होंने कहा जिले में कितने यूनिट रक्त की आवश्यकता प्रतिदिन पड़ती है उसके हिसाब से रक्त को एकत्रित करने की जवाबदारी भी तय की गई। बैठक में ब्लड के संबंध में आ रही शिकायत को लेकर भी कार्यवाई के संबंध में भी रूपरेखा तय की गई।

आक्रोशित हिन्दू संगठनों ने नारेबाजी करते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

# लव जिहाद का मामला: सौरभ बनकर युवती को भगा ले गया सरबर

**हटा।** नगर में एक मुस्लिम युवक द्वारा हिन्दू युवती को हिंदू बनकर अपने प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले जाने का लव जिहाद का मामला सामने आया है जिस घटना से आक्रोशित हिन्दू संगठनो ने बड़ी संख्या में राम मंदिर से नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकालकर हटा थाने पहुंचे जहां एसपी के नाम थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय को ज्ञापन सौंपकर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन



में हिन्दू संगठनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सरबर खान ने सौरभ बनकर युवती से दोस्ती की और फिर प्रेमजाल में फंसाकर अपने साथ भगा ले गया। युवती विगत 9 अगस्त के दोपहर अपने घर से मामा के घर जाने बोलकर निकली और अपने साथ जेवर और नकदी भी ले गई देर रात तक जब युवती घर नही लौटी तो परिजनों को आशंका हुई तो युवती के परिचितों मित्रों से घटना की जानकारी लगी तो जानकारी मिली कि आरोपी गैसाबाद निवासी सरबर खान जो हटा थाना क्षेत्र में युवती के पड़ोस में रिश्तेदारी में आता जाता था और इसी दौरान युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। ज्ञापन के दौरान हिंदू संगठनों ने आरोपी के परिजनों व हटा के रिश्तेदारों पर भी कार्यवाही करने की मांग की। घटना में टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि युवती के पिता की रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम कर पुलिस तलाश में जुटी हुई है एवं मामले में शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन के दौरान भारी संख्या में समस्त हिंदू संगठन के दमोह व हटा नगर के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्र./लोक निर्माण/ निविदा/2025/905 — हटा दिनांक-11/08/2025

**/ / निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है ।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_ 443740_1 12.08.2025 | निकाय क्षेत्रांतर्गत 4 स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य। | 1 - 06 माह<br>2 - 89.65 लाख | 1- 10000.00<br>2- 68000.00 | 15/09/2025 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हटा, जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हटा, जिला दमोह